>

Title: Problems faced by passengers due to malfunctioning of Railway Enquiry Computer System.

श्री दारा सिंह चौहान : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण बिन्दु पर बोलने का अवसर दिया, उसके मैं आपका आभारी हूं।

मैं समझता हूं कि न केवल पूरा सदन बल्कि सभी लोग इस समस्या से परेशान हैं। जहां पूरी दुनिया कम्प्यूटर के क्षेत्र में भारत का लोहा मान रही है, वहां पता नहीं इस रेलवे इंक्वायरी के कम्प्यूटर सिस्टम को क्या हो गया है, क्या बीमारी हो गई है? इधर जब यह सिस्टम मैन्युल था तो एक बार, दो बार, तीन बार फोन करने पर इंक्वायरी पर फोन कोई न कोई उठा लेता था तो मालूम हो जाता था कि कौन सी ट्रेन कब जाने वाली है लेकिन जब से 139 फोन नं. इंक्वायरी के लिये दिया है, जब भी आप फोन करेंगे तो कहा जाता है कि हिन्दी के लिये यह दबाइये, अंग्रेजी के लिये यह दबाइये, फलां के लिये यह दबाइये। उसके बाद यदि आपको ट्रेन की जानकारी चाहिये कि साबरमती एक्सप्रेस या राजधानी एक्सप्रेस से जाना है तो बेचारा कौन सा आदमी लिखकर बैठा होगा कि राजधानी या साबरमती या शिवगंगा या कैफियत ट्रेन का क्या नम्बर है। अगर कभी गलती से नम्बर मिल गया तो जो जानकारी मिलती है, पता चलता है कि ट्रेन एक घंटा पहले चली गई या अभी जानकारी है कि ट्रेन डेढ घंटा लेट आ रही है। कभी-कभी ऐसा होता है कि जब आप 139 नम्बर डॉयल करते हैं तो इतनी लापरवाही इसमें है कि अगर फोन उठा लिया तो तुंत कहेंगे कि आपकी आवाज नहीं आ रही है, फोन रख दिया जाता है। अगर आप दुबारा करने पर उठा लिया जाते है और आप हैलो कहते हैं तो कहेगा कि आपकी आवाज नहीं आ रही है, धन्यवाद। आप दुबारा फोन करेंगे तो फिर कहा जायेगा कि आपकी आवाज नहीं आ रही है, फोन रख दिया जायेगा।

अध्यक्ष महोदया, मैं इसलिये आपका संरक्षण चाहूंगा कि रेल मंत्री जी बैठे हुये थे,वे सभा में उपस्थित नहीं हैं । हम पार्लियामेंट में नीचे बैठे हुये लोग हों, आज देश के लाखों-लाख पैसेंजर्स इससे परेशान हैं। आप इंक्वायरी के लिये फोन डॉयल करते रह जायंगे, फोन नहीं मिलेगा और ट्रेन चली जायेगी। मैं समझता हूं कि संबंधित मंत्रालय़ को इस मामले में निर्देश जारी होना चाहिये।

MADAM SPEAKER: The House stands adjourned for Lunch to meet at 2.30 p.m.

13.32 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for lunch till Thirty Minutes

past Fourteen of the Clock

14.35 hrs.

The Lok Sabha reassembled after lunch at Thirty Five Minutes

past Fourteen of the Clock

–

(Mr. Deputy Speaker in the Chair)

श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह): उपाध्यक्ष महोदय, सरकारी पक्ष सदन में बिलकुल नहीं रहता है, क्या ये लोग कालापानी हो गए हैं या तड़ीपार हैं।...(व्यवधान) सदन में बिलकुल नहीं रहते हैं, न ज़ीरो आवर में रहते हैं और न किसी अन्य में...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Item Nos. 8 and 9.

Shri Lalji Tandon – not present.

Shri Basu Deb Acharia – not present

Shri Prabodh Panda.